

**रमजान का पहला दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:17 | सुन्नी : 6:04 |
| शिया : 5:07 | शिया : 6:14 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# डाकघरों में अब रात 8 बजे तक बनवाएं आधार कार्ड

**06** बजे शाम तक राजेंद्र नगर, गोमती नगर, इंदिरा नगर, निराला नगर, आवास विकास कॉलोनी, आलमबाग, अलीगंज उपडाकघर में सुविधा

**08** बजे रात तक शहर के जनरल पोस्ट आफिस के अलावा आरएमएस और चारबाग के डाकघरों में नए के साथ आधार में संसोधन भी होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** डाक विभाग ने अब शहर के कई डाक घरों में देर शाम तक नए आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड में संशोधन का कार्य शुरू करा दिया है। राजेंद्र नगर, गोमती नगर, इंदिरा नगर, निराला नगर, आवास विकास कॉलोनी, आलमबाग, अलीगंज उपडाकघर में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक और जनरल पोस्ट आफिस (जीपीओ) के अलावा आरएमएस, चारबाग में सुबह 8 से रात 8 बजे तक नए आधार कार्ड बनवाए और पुराने आधार कार्ड की गलतियों में सुधार कराया जा सकता है।

पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने बताया कि लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के 156 चिन्हित डाकघरों में आधार पंजीकरण और संशोधन का कार्य किया जा रहा है। नया आधार कार्ड के लिए पंजीकरण निशुल्क है। किंतु डेमोग्राफिक अपडेट, बायोमैट्रिक अपडेट और दस्तावेज अद्यतन पर निर्धारित शुल्क लिया जाता है। बच्चों का नया आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का आधार कार्ड होना अनिवार्य है। आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन कराने के लिए फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने बताया कि लखनऊ के अलावा बाराबंकी, सीतापुर, रायबरेली, अयोध्या समेत सात मुख्य डाकघरों और आठ उपडाकघरों में आधार सेवा केंद्र दो शिफ्टों में संचालित किए जा रहे हैं। सभी मंडलों में ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों और प्राथमिक विद्यालयों में विशेष आधार कैंप लगाए जा रहे हैं। 31 मार्च तक कुल 45 कैंप आयोजित किए जाएंगे। विभागीय



आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक 7,33,962 नए पंजीकरण और अपडेट किए जा चुके हैं।

# केजीएमयू में तीन नए दवा केंद्र खुले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मरीजों को किफायती दवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में केजीएमयू में तीन नए एचआरएफ (हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड) दवा आउटलेट शुरू किए गए हैं। शताब्दी फेज टू में कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने गुरुवार को फीता काटकर एक साथ तीन दवा काउंटरों का उद्घाटन किया, इसके साथ ही परिसर में संचालित दवा केंद्रों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि केजीएमयू परिसर में चार और नए आउटलेट शुरू करने की तैयारी है, जिनमें न्यू लारी कार्डियोलॉजी और 24×7 संचालित होने वाला केंद्र शामिल है। उन्होंने बताया कि केजीएमयू प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी मरीज आर्थिक कारणों से उपचार से वंचित न रहे। एचआरएफ में परचेज आफिसर डॉ.पदमेंद्र कुमार का कहना है कि मुख्य ओपीडी भवन के भूतल पर शुरू किए गए नए आउटलेट पर दवाएं अधिकतम 80 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगी।

## शहर में आज



- बख्शी का तालाब के भैसामऊ में शौर्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन- 10:00 बजे से।
- बेगम हजरत महल पार्क से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक वन टाइम टैक्स के विरोध में यूनाइटेड टैक्सी ऑपरेटर्स प्रोटेक्शन फ्रंट का पैदल मार्च- 11:00बजे से।
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था मंजूश्री की ओर से काव्यात्मक नाटक पुर्जा-पुर्जा कट मरे का मंचन- 6:30 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# अगर समाधान नहीं कर सकते तो बता दो, शिकायत वापस ले लूं

### एलडीए की जनता अदालत में अधिकारियों से बोले परेशान फरियादी चंद्रपाल वर्मा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पांच साल से चक्कर लगवा रहे हैं, अगर समाधान न कर पाएं तो बता दें शिकायत वापस ले लूं। अधिकारी जांच नहीं कर रहे हैं, वह भी पत्रावली गायब होने तो कही कोई अन्य बहाना बनाकर टाल रहे हैं। ऐसे तो मुझे न्याय ही नहीं मिल पाएगा। ये पीड़ा एलडीए की जनता अदालत में शुक्रवार को लंबे समय से जनता अदालत के चक्कर लगा रहे चंद्रपाल वर्मा ने प्राधिकरण के संयुक्त सचिव सोम कमल सीताराम और विशेष कार्याधिकारी रंजना अवस्थी के समक्ष व्यक्त की।अलीगंज के अलीगंज सेक्टर-ए में वर्ष 2022 में एलडीए ने उनका दो मंजिला पुश्तैनी मकान ध्वस्त कर दिया था। उसके बाद से चंद्रपाल एलडीए में लगातार फरियाद लेकर आ रहे, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल पाया।

चंद्रपाल ने बताया कि वर्ष 2012 में बाबा छोटेलाल से वसीयत के आधार पर मिला मकान एलडीए ने अर्जित भूमि बताकर मकान गिरा दिया था। ध्वस्तीकरण के पहले कोई नोटिस भी नहीं दिया गया। मकान के साथ दो दुकानें गिरा दी गई थी। मलबे में लाखों रुपये का सामान दबकर नष्ट हो गया था। खाली भूमि पर चार भूखंड बनाए गए। दो गोमती नगर योजना के दूसरों के नाम से समायोजित किए। बाद में मूल आवंटी को परिवर्तित करके कब्जा दे दिया। एक महिला ने अपने नाम यहां और नाबालिग बेटे के नाम से दूसरी योजना में भूखंड खरीदा। आरोप लगाया अधिकारी मामले की न ही जांच कर रहे और नही उन्हें भूमि व मकान का मुआवजा दिया जा रहा है। शालीमार गैलेंट महानगर निवासी प्रदीप दास गुप्ता ने बताया कि उनका 11वीं मंजिल पर फ्लैट है। 10वीं मंजिल के फ्लैट मालिक ने बालकनी में अवैध निर्माण कर लिया। इससे उनकी बालकनी के खिड़की-दरवाजे नहीं खुलते हैं। अवैध निर्माण पर सैकड़ों की संख्या में कबूतर बैठते हैं। इनकी गंदगी से



जनता अदालत में संयुक्त सचिव सोम कमल सीताराम से शिकायत करते चंद्रपाल।

### छह माह से रजिस्ट्री के लिए लगवा रहे चक्कर

- तेलीबाग निवासी अमन प्रजापति ने बताया कि उनकी माता अलका ने वर्ष 2005 में रजनीखंड में 330 स्क्वाय फीट का भूखंड खरीदा था। 2017 तक भुगतान कर दिया। छह माह पहले रजिस्ट्री के लिए एक महिला बाबू ने फोन करके बुलाया। संपर्क किया तो नहीं मिली। न ही फोन उठाया। तब से रजिस्ट्री के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

### रिटायर फौजी का फाइलों के साथ गायब हो गया मकान

- सेना से रिटायर रजनी खंड निवासी धमेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2005 में शारदा नगर योजना में एलडीए से आवास खरीदा था। पूरा भुगतान कर दिया। रजिस्ट्री व कब्जा की बारी आई तो न ही मौके पर उस संख्या का आवास है, आवंटन की फाइलें भी गायब हैं।

### सोसाइटी से खरीदी जमीन किसान मांग रहा मुआवजा

कल्यापुर निवासी एचसी जोशी ने बताया कि पिछले वर्ष मलेसेमऊ में एक सोसाइटी से 3 हजार स्क्वायर फीट जमीन खरीदी थी। जमीन किसान की थी। कहना था कि जमीन अर्जित हो गई। इसका मुआवजा नहीं मिला। इस कारण बैनामा नहीं किया। एक साल से मुआवजा की जानकारी नहीं दे रहा है।

### बहनोई के नाम कर दिया खरीदा भूखंड

- एलडीए की जनता अदालत में एलडीए बनने से पहले का प्रकरण अधिकारियों के लिए निस्तारित करना मुश्किल दिखा। चकबंदी अधिकारी और बाबुओं ने ऐसा उलझाया कि अधिकारियों ने फरियादी को हाईकोर्ट जाने की सलाह दे दी। राजाजीपुरम् निवासी सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि उनके पिता शारदा प्रसाद नगर महापालिका में कार्यरत थे। सेवा के दौरान वर्ष 1956 में कर्मचारी कोटा से बशीरतगंज योजना में भूखंड खरीदा था। मासिक भुगतान 24.50 रुपये वेतन से काटा गया। जिसकी अवधि 30 वर्ष की थी। 1981 में पिता रिटायर हो गए। संपूर्ण भुगतान न होने पर गेच्युटी से 7647 रुपये और पेंशन 25 फीसद रोक दी गई। 1988 में ब्याज समेत 8820 रुपये संपूर्ण भुगतान कर दिया, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो पाई। वर्ष 1989 में पिता और 1996 में माता सावित्री देवी की मृत्यु हो गई। वर्ष 2023 में रजिस्ट्री के लिए आवेदन किया तो पता चला भूखंड का आवंटन निरस्त करके बहनोई के नाम कर दिया गया है। भूखंड खरीदने के समय नगर महापालिका थी। 1974 में में एलडीए बन गया। उस समय चकबंदी अधिकारी और बाबुओं ने लेखाजोखा सही न करके गलत तरीके से भूखंड आवंटित कर दिए। इसकी फाइलें तक गायब हैं। चकबंदी अधिकारी से आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी तो जवाब न देने पर आयोग ने 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। वह आयोग में पेश नहीं हुए। कुल 31 प्रकरण में 11 का निस्तारण हुए।





### रविन्द्रालय ऑडिटोरियम के रैंप पर दिखा प्रदेश की खादी का जलवा

- उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति 2022 के अंतर्गत गुरुवार को रविन्द्रालय ऑडिटोरियम में परंपरा और आधुनिक फैशन का संगम देखने को मिला। इस फैशन शो में देश भर से आए मॉडलों ने प्रदेश के बुनकरों द्वारा तैयार हैंडलूम, खादी, सिल्क और होम फर्निशिंग उत्पादों का प्रदर्शन किया। डिजाइनरों ने पारंपरिक साड़ी, जरी सिल्क, दरी, बेडशीट, स्टोल और शॉल को आधुनिक अंदाज में रैंप पर उतारा।

### संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना से 12 बुनकर पुरस्कृत

- कार्यक्रम में लघु एवं मध्यम उद्यम तथा हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के तहत 12 बुनकरों को अंगवस्त्र, शील्ड, प्रमाणपत्र और डमी चेक दिए। साड़ी ब्रोकेड श्रेणी में वाराणसी के दुर्गानाथ प्रसाद, दरी श्रेणी में बागपत के नीरज उपाध्याय, होम फर्निशिंग में गोरखपुर की निकहत जहां और स्टोल श्रेणी में वाराणसी की सविता प्रसाद प्रथम रहीं।

## सिटी ब्रीफ

### नगर निगम विशेष सदन की बैठक कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम विशेष सदन की बैठक शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में लालबाग स्थित मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में सुबह 10 बजे से होगी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी। 22 फरवरी रविवार को कार्यकारिणी बैठक में 2277 करोड़ रुपये के मूल बजट पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पास किया जाएगा। बैठक में वार्ड विकास निधि बढ़ाने के प्रस्ताव पर पार्षद नगर निगम प्रशासन पर दबाव बना सकते हैं।

### बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने पर जुर्माना

**अमृत विचार,लखनऊ :** नगर निगम ने गुरुवार को विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, गंदगी फैलाने तथा बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 16,600 रुपये जुर्माना वसूला। जोनल सेनेटरी ऑफिसर जोन-3 मनोज यादव के नेतृत्व में छुईयापुरवा चौराहा से चार नंबर चौराहा तक चलाए गए अभियान में गंदगी फैलाने पर 10 चालान के माध्यम से 7,000 रुपये जुर्माना वसूला। प्रतिबंधित पॉलीथिन पाए जाने पर 9,000 रुपये अर्थदंड वसूला। इसके अलावा बाजारों में बिना लाइसेंस तंबाकू और तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया।

### पांच कार वर्कशॉप व तीन प्लाटिंग ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को गोमती नगर में पांच अवैध कार वर्कशॉप बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए। चिनहट में तीन बिना तपलट मानचित्र स्वीकृति के तीन प्लटिंग ध्वस्त की। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि गोमती नगर के विजयंत खंड, विक्रांत खंड, विशेष खंड, विराज खंड व विकास खंड में अभियान चलाया गया। इस दौरान नवीन सिंह, नवनीत कुमार, आनंद पांडेय, मनोज कुमार व अन्य द्वारा संचालित पांच वर्कशॉप आवासीय भूखंडों पर संचालित मिले। जो अवैध होने पर टीम ने ध्वस्त कर दिए। आवासीय कालोनियों में खुले इन अवैध कार वर्कशॉप से लोगों को परेशानी होती थीइ। कार गैराज में वाहनों की धुलाई से सड़क पर जलभराव होता था और जाम लगता था। प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि चिनहट के ग्राम गोइला में अभियान चलाया गया। इस दौरान अमित सिंह, वीरेन्द्र कुमार, जय प्रकाश, नीरज, सुभाष व अन्य द्वारा लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही तीन अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर से ध्वस्त कर दी।

### भट्टियां तोड़ बंद कराई सोना-चांदी गलाने की रिफाइनरी



भट्ठी तोड़ता कर्मचारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक अंतर्गत सुरंगी टोला में आवासी क्षेत्र के एक मकान में अवैध रूप से सोना-चांदी गलाने की रिफाइनरी लगी थी। इसमें सोना और चांदी तेजाब से से गलाया जाता था। दिनरात धुआं होने से मोहल्ले में 40 से अधिक मकानों में रहने वाले परिवारों को परेशानी हो रही थी। लोगों ने विरोध किया लेकिन रिफाइनरी नहीं हटाई गई। सुरंगी टोला मोहल्ला समिति ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में शिकायत की तो टीम ने जांच की। पर्यावरण और स्थानीय लोगों के लिए हानिकारक बताकर मालिक को नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी रिफाइनरी चला रहे संचालक नहीं माने तो कार्रवाई के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव को पत्र लिखा गया। समिति के लोग उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार से भी मिले। उनके निर्देश पर बुधवार को जोन-7 की टीम ने कार्रवाई की। मौके पर भट्टियां तोड़कर रिफाइनरी बंद कराई गई। जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि मालिक ने खुद से रिफाइनरी हटाने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। यदि भवन खाली नहीं किया तो सीलिंग करेंगे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एलडीए को सुरंगी टोला समिति के माध्यम से पत्र लिखा गया है। इसमें मोहल्ला वासियों ने हस्ताक्षर कर शिकायत दर्ज कराई है। रिहायशी लोगों में एक बुजुर्ग ने सांस की बीमारी को लेकर अपनी रिपोर्ट तक संबंधित जिम्मेदार विभागों को भेजी थी। इसके बाद कार्रवाई की गई है। जहां रिफाइनरी चल रही है वहां करीब 40 घर और ढाई सदस्य रहते हैं।

# केजीएमयू की कुलपति के ओएसडी हटे गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** कथित धर्मांतरण प्रकरण में हिंदू संगठनों के निशाने पर रहे केजीएमयू कुलपति के ओएसडी को हटा दिया गया है।

पैथोलॉजी की रेजिडेंट डॉक्टर ने जनवरी में विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. रमीज पर शादी करने से पहले धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज दर्ज कराई थी। इसके बाद हिन्दु संगठनों ने केजीएमयू में कर कुलपति कार्यालय में तोड़-फोड़ की थी। प्रदर्शनकारियों ने कुलपति के ओएसडी पर आरोप लगाकर उन्हें हटाने की मांग की थी। रिटायरमेंट के बाद उन्हें ओएसडी बनाया था। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि कुलपति के ओएसडी को हटा दिया गया है। अब उनके कामकाज की जिम्मेदारी लिपिक संवर्ग के कर्मचारी को सौंपी गई है।

### तदर्थ कर्मचारी को पेंशन का लाभ दिया, जांच के आदेश

- केजीएमयू की कुलपति के पूर्व ओएसडी सैय्यद अख्तर अब्बास और कर्मचारियों का मामला विधान परिषद में उठा। अब्बास और कर्मचारियों को नियम विरुद्ध सेवानिवृत्त लाभ एवं पेंशन देने की शिकायतें हुईं। इस पर उप मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। बिना विनियमितीकरण किए तदर्थ कर्मचारी को पेंशन व दूसरे वित्तीय लाभ देने की जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की विशेष सचिव कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के वित्त नियंत्रक कमेटी के सदस्य हैं। गुरुवार को इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव सारिका मोहन ने आदेश जारी किया है।

**सख्ती** | दुकानदारों पर वर्ष 2017 से 4.27 करोड़ रुपये किराया है बकाया

# गुरुनानक मार्केट के 252 दुकानदारों को नोटिस

- एक सप्ताह में किराया जमा न करने पर की जाएगी दुकानें सील करने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : वर्ष 2017 से किराया न देने पर नगर निगम ने चारबाग स्थित गुरुनानक मार्केट के 252 दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी किया है। इन दुकानदारों पर करीब 4.27 करोड़ रुपये किराया बकाया है। दिया गया है। एक सप्ताह में किराया जमा न करने पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। कुछ ऐसे आवंटी भी चिन्हित किए गए हैं, जो किराये पर दूसरों को दुकान देकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। ऐसे आवंटियों के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई भी की जाएगी।

गुरुनानक मार्केट नगर निगम की रेंटेड प्रॉपर्टी होने के कारण इसका हाउस टैक्स नहीं पड़ता है। इसके





बावजूद आवंटी दुकानदार किराया जमा नहीं कर रहे हैं। नगर निगम टीम को मार्केट में नक्शे से विपरीत अवैध निर्माण भी मिले हैं। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मकानों में होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस और गोदाम का संचालन करने पर 4 मार्च, 2023 को मार्केट के 44 किरायेदारों का आवंटन निरस्त किया जा चुका है।

नगर निगम गुरुनानक मार्केट के आवंटियों पर हाउस टैक्स लगाने की तैयारी भी कर रहा है। दरअसल ये किरायेदार वर्षों से मामूली किराये पर हैं, इसके बावजूद किराया नहीं जमा कर रहे हैं। पिछले महीने नगर निगम के अधिकारियों के साथ आवंटियों की बैठक हो चुकी है। जिसमें किराया जमा करने के साथ भवनों में व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहे आवंटियों के भवनों का मूल्यांकन करके हाउस टैक्स भी लगाया जाएगा।

### केजीएमयू से मिल सकता है 46 करोड़ रुपये गृहकर

- नगर निगम को केजीएमयू से करीब 46 करोड़ रुपये गृहकर मिल सकता है। नगर निगम जोन 2 के जोनल अधिकारी संजय यादव और उनकी टीम अधिकारियों के सम्पर्क में है। नगर निगम के जोनल अधिकारी का दावा है कि दो से तीन दिन के भीतर यह बड़ी धनराशि नगर निगम के खाते में आ जाएगी। केजीएमयू में पिछले महीने चल रहे विवाद के बीच महापौर सुषमा खर्कवाल ने निरीक्षण करके भवनों का हाउस टैक्स करीब 50 करोड़ जमा कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद नगर निगम अधिकारियों ने केजीएमयू प्रशासन को नोटिस जारी की थी। केजीएमयू प्रशासन की आपत्ति पर जांच के बाद हाउस टैक्स करीब 46 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।

# राम सागर मिश्र अस्पताल में तैयार होंगे फिजीशियन

**अमृत विचार, लखनऊः** वह दिन दूर नहीं बीकेटी स्थित राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय (साढ़ामऊ)में फिजीशियन(विशेषज्ञ) तैयार होंगे। इसके लिए डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) द्वारा अस्पताल को जनरल मेडिसिन में तीन सीटें आवंटित की गई हैं। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.वीके शर्मा का कहना है कि इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि संस्थान का लक्ष्य उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा के साथ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय शिक्षा प्रदान करना है। इस कोर्स के शुरू होने से न केवल चिकित्सकीय शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अस्पताल में उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं भी सुदृढ़ होंगी।

# अवैध होर्डिंग्स हटाकर वसूला 62 लाख शुल्क

- नगर निगम ने अभियान चलाकर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बिना अनुज्ञा शुल्क जमा किए विज्ञापन पट लगाने वाली एजेंसियों के खिलाफ नगर निगम के प्रचार विभाग ने गुरुवार को अभियान चलाया। जिसमें अवैध विज्ञापन हटाने के साथ अनुज्ञा शुल्क न जमा करने वाली विभिन्न एजेंसियों से 62,93,254 रुपये की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई।

कर अधीक्षक प्रचार ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने विभिन्न प्रमुख स्थलों पर बिना अनुमति और अनुज्ञा शुल्क जमा किए लगाए गए विज्ञापन पटों को हटा दिया। हजरतगंज क्षेत्र में दर्पण एडवरटाइजिंग, बेस्ट साल्व कंपनी के सप्रू मार्ग पर और सेठ एडवरटाइजिंग के रिंग रोड स्थित टेढ़ी पुलिया क्षेत्र में लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाया।

रिंग रोड खुर्रम नगर क्षेत्र में समीर एडवरटाइजिंग एवं रिजल्ट एडवरटाइजिंग के विज्ञापन भी हटाए गए। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में भी यदि किसी एजेंसी द्वारा बिना अनुमति विज्ञापन पट लगाए पाए गए तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### अब एलडीए के अधिशासी अभियंता का व्हाट्सएप हैक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार का व्हाट्सएप हैक होने के बाद दूसरे दिन गुरुवार को हैकरों ने अधिशासी अभियंता मनोज सागर का व्हाट्सएप हैक कर लिया। उनके व्हाट्सएप मैसेज से मोबाइल पर सेव नंबरों पर मैसेज करके रुपये की मांगे गए। लोगों से उन्हें जानकारी मिली तो साइबर टीम ने कार्रवाई करके फोन रिस्टोर किया। वहीं, जांच जारी है। वहीं, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को मैसेज करके मोबाइल नंबर मांगे गए और उन नंबरों पर व्हाट्एसप के माध्यम से रुपये मांगे गए। उन्होंने भी साइबर टीम को सूचित किया और आईडी बंद की गई।

### राहगीरों ने बाइक सवार दो लुटेरों को दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा के राजाजीपुरम बी ब्लॉक में बाइक सवार बदमाशों ने महिला से चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया। राजाजीपुरम बी ब्लॉक में दोपहर में महिला पैदल जा रही थी। रास्ते में पीछे से आ रहे बाइक सवार ने मौका पाकर पीछे से झपट्टा मारकर महिला के गले से चेन छीनने का प्रयास किया, लेकिन बाइक सवार चेन छीन नहीं पाया और मौके से भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बाइक सवार को दौड़ाकर पकड़ लिया और पिटाई कर दी। लोगों ने मामले की जानकारी 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को बाइक सवार को सुपुर्द कर दिया। पुछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम आलमबाग निवासी हरिश बिष्ट बताया। वहीं महिला अपनी चेन लेकर मौके से चली गई। तालकटोरा इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक 112 पीआरवी सूचना पर मौके पर पहुंची थी और आरोपित को थाना पर ले आई। लेकिन पीड़िता महिला चेन नकली होने की बात कह कर घटनास्थल से चली गई थी और पीड़िता की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

### एलआईसी कर्मी का कमरे में मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना के सेक्टर-के में रहने वाले एलआईसी कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हजरतगंज स्थित एलआईसी शाखा में सहायक बाबू के पद पर कार्यरत अरुण सिंह (46) आशियाना सेक्टर-के में अकेले रहते थे। लगातार कई दिन कार्यालय न आने पर साथी कर्मचारी उनके घर पहुंचे तो तेज दुर्गंध महसूस हुई। उन्होंने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो कमरे में अरुण का शव फर्श पर पड़ा मिला। पुलिस ने कमरे की जांच-पड़ताल कर परिजनों को सूचना दी। किला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम मेहंदीयान के मुताबिक शव करीब एक सप्ताह से अधिक पुराना प्रतीत हो रहा है।

### ओटी में घुसा चोर खोल ले गया टोंटियां

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के हड्डी रोग विभाग के पांचवे तल पर स्थित ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में गुरुवार को चोर घुस गया। बाथरूम में लगी स्टील की टोटियां खोल ले गए। लिम्ब सेंटर के निकट सुपर स्पेशियालिटी आर्थोपैडिक्स सेंटर है। यहां पांचवे तल पर ऑपरेशन थिएटर हैं। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। कई बाथरूम का पानी ऑपरेशन थिएटरों के भीतर आने लगा। डॉक्टर व कर्मचारियों ने ओटी में पानी भरता देखा तो वे हरकत में आए। डॉक्टरों ने अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। टंकी से पानी को बंद किया गया। कर्मचारी चोर की तलाश में पूरे भवन में दौड़ पड़े। कुछ ही दूरी पर सूरज कुंड पार्क के पास चोर कर्मचारियों की गिरफ्त में आ गया। केजीएमयू प्रशासन ने उसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### पांच के खाते से उड़ाए 8.05 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने डॉक्टर व छात्र समेत पांच लोगों के खातों से कुल 8.05 लाख रुपये उड़ा लिए। सरोजनीनगर के अजय कुमार को दोस्त की फर्जी फेसबुक आईडी से सऊदी अरब में फंसे होने का संदेश भेजकर 1.85 लाख रुपये ठग लिए गए। कृष्णानगर की अनीता द्विवेदी के खाते से गैस बुकिंग के नाम पर 98 हजार रुपये कट गए। इंदिरानगर के 63 वर्षीय डॉ. संजय कुमार वर्मा ने मोबाइल बैंकिंग ऐप अपडेट लिंक पर क्लिक किया तो उनके खाते से 4.09 लाख रुपये निकल गए। गोमतीनगर के शशांक पाठक से मैक्स हॉस्पिटल का डॉक्टर बनकर 73,200 रुपये और छात्र इंद्राराजवीर सिंह से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 40 हजार रुपये ठग लिए गए।

# विधानभवन के पास अधिवक्ता की पत्नी ने किया आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आत्मदाह निरोधी दस्ते व पुलिसकर्मियों ने पकड़ा
- पीड़िता ने पति व ससुरालवालों पर घर से निकालने व बेदखल करने का आरोप लगाया
- कृष्णानगर कोतवाली में पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** विधानसभा सत्र के दौरान गुरुवार दोपहर अधिवक्ता की पत्नी स्नेहा सिंह ने विधानभवन के पास आत्मदाह का प्रयास किया। वह खुद पर पेट्रोल उड़ेल पाती, उससे पहले आत्मदाह निरोधी दस्ते और वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने झपट्टा मारकर बोतल गिरा दी और उसे पकड़ लिया। पुलिस महिला को हजरतगंज कोतवाली लेकर पहुंची।

वहां पीड़िता ने अपने अधिवक्ता पति और ससुरालवालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकालने और बेदखल करने का आरोप लगाया। पुलिस ने समझाकर कार्रवाई का आश्वासन देकर उसे शांत कराया। कृष्णानगर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताया जा रहा है कि महिला का पति हत्या के मामले में कई वर्ष पूर्व जेल भी जा चुका है।

बीकेटी के कठवारा निवासी स्नेहा सिंह ने बताया कि उसकी शादी करीब नौ माह पूर्व कृष्णानगर के दामोदरनगर निवासी अधिवक्ता विनायक सिंह से हुई थी। पीड़िता के अनुसार, शादी के कुछ दिन बाद से ही पति विनायक और उसके परिजन दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगे। 26 जनवरी को आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया था। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही थी।

दो दिन पूर्व पति ने कोर्ट से बेदखली का नोटिस भेजा था। स्नेहा के अनुसार, नोटिस मिलने पर वह गुरुवार को ससुराल पहुंची, लेकिन अंदर प्रवेश करते समय पति और ससुरालवालों ने धक्का देकर उसे बाहर कर दिया।

पीड़िता का कहना है कि वह पति के साथ ससुराल में रहना चाहती है, लेकिन ससुरालवाले उसे रखने को तैयार नहीं हैं। उसने बताया कि उसकी मां बीमार है और इलाज के लिए उसके पास रुपये नहीं हैं। समस्याओं से परेशान होकर उसने आत्महत्या का कदम उठाने की कोशिश की।


आत्मदाह करने जा रही महिला को पकड़े महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

गुरुवार दोपहर स्नेहा पेट्रोल से भरी बोतल लेकर स्कूटी से विधानभवन के पास पहुंची। गेट नंबर-3 के सामने वह खुद पर पेट्रोल उड़ेलने जा रही थी, तभी पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया और बोतल छीन ली।

महिला पुलिसकर्मी उसे हजरतगंज कोतवाली ले गईं। एसीपी हजरतगंज विकास कुमार जायसवाल ने बताया कि पूछताछ में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि आरोपी विनायक सिंह पूर्व में हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति और उसके परिजनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसीपी के अनुसार, पूर्व में पीड़िता ने कोतवाली में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी।

## स्कूल में छात्र ने पी लिया फिनायल, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज के बाग घासी निवासी मो. जुबैर ने बताया कि उनका बेटा अफ्फान 16 फरवरी को स्कूल में था, जहां उसने फिनायल पी लिया। छुट्टी के बाद चाचा उसे घर ले आए। बाद में स्कूल की एक शिक्षिका ने फोन कर पत्नी को घटना की जानकारी दी। इसी बीच बच्चे की हालत बिगड़ने लगी, जिस पर परिजन उसे तत्काल बलरामपुर अस्पताल ले गए। 48 घंटे के उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी जान बचा ली। पिता ने स्कूल प्रबंधन से जुड़े नावेद, डॉ. मो. शोएब कुरैशी और तस्लीम फातिमा के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के अनुसार तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटाए जा रहे हैं।

# टक्कर से कार के बोनट पर गिरा लाई चना विक्रेता घिसटा, मौत

## सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच, कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, आलमबाग

- एक किमी तक चालक ने दौड़ाई कार, लटका रहा युवक

**अमृत विचार :** कृष्णानगर में बुधवार रात ठेला लेकर घर लौट रहे लाई चना विक्रेता को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक कार के बोनट पर गिर गया, लेकिन चालक ने रफ्तार कम नहीं की और करीब एक किमी तक कार दौड़ाता रहा। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कृष्णानगर पुलिस ने भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

मूल रूप से निजामपुर, बदायूं निवासी विमल पाल (35) पुत्र ऋषि पाल कृष्णानगर के बरिगवां में किराए पर रहता था। वह पराग रोड पर ठेले पर लाई-चना बेचता था। बुधवार रात करीब 10:30 बजे वह ठेला लेकर घर जा रहा था। सीआरपीएफ कैंप कार्यालय के सामने बेकाबू वैगनआर कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ठेला सड़क पर बिखर गया और विमल उछलकर कार के बोनट पर जा गिरा।

विमल ने कार के शीशे पर लगा वाइपर पकड़ लिया और लटका रहा। उसने कई बार चालक से गाड़ी रोकने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपी कार दौड़ाता रहा। करीब एक किलोमीटर दूर लॉ कॉलेज के पास विमल कार से फिसलकर सड़क पर गिर पड़ा, जहां से उसे कुचलते हुए चालक फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डायल-112 की मदद से घायल विमल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खंगाले जा रहे सीसीटीवी कैमरे

- मामले में विमल के भाई अजीत पाल ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। मृतक के परिवार में पत्नी ममता, बेटा ऋषभ और बेटी खुशी हैं।

### पांचवी मंजिल से गिरे मजदूर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी के प्लासियों माल के पास निर्माणाधीन भवन की पांचवीं मंजिल से बुधवार को कमलेश (28) नीचे गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से सोनभद्र स्थित घूमा गांव का रहने वाला कमलेश डेढ़ माह से ठेके पर सुशांत गोल्फ सिटी स्थित प्लासियों माल के पास एक निर्माणाधीन इमारत में सीमेंट पाइप फिटिंग का काम कर रहा था। वह अर्जुनगंज में किराये के मकान के रह रहा था। भाई दयाशंकर ने बताया बुधवार दोपहर उनका भाई कमलेश पांचवी मंजिल पर पाइप की फिटिंग करते समय संतुलन बिगड़ने से वह पांचवीं मंजिल से नीचे गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ काम करने वालों ने उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घर वालों को सूचना दी। परिजन के मुताबिक सिविल अस्पताल में कमलेश की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी विमला दो बच्चे हैं।

# बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टर पर 35 लाख की ठगी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिता की किडनी ट्रांसप्लांट का झांसा देकर उधार लिये थे रुपये
- दिल्ली के डॉक्टर ने आरोपी के कहने पर परिचित के खाते में ट्रांसफर किए रुपये
- तय समय बाद दिया गया चेक बाउंस
- डीसीपी पूर्वी के आदेश पर गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** पिता की किडनी ट्रांसप्लांट कराने के नाम पर 35 लाख रुपये ठगने का आरोप बलरामपुर अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर पर लगा है। दिल्ली के एक चिकित्सक ने आरोप लगाया है कि चार माह में रकम लौटाने का आश्वासन देकर रुपये परिचित के खाते में ट्रांसफर कराए गए। तय समय बीतने के बाद दिया गया चेक बाउंस हो गया। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर गोमतीनगर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नई दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित एलआईसी कॉलोनी निवासी डॉ. भारत भूषण कालरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी मुलाकात फ्लोरेट अस्पताल, नई दिल्ली के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज मेहतो के माध्यम से लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में तैनात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र सिंह से हुई थी। आरोप है कि डॉ. देवेंद्र सिंह ने अपने पिता की किडनी ट्रांसप्लांट के लिए 35 लाख रुपये की आवश्यकता बताई और तीन-चार महीने में रकम लौटाने का आश्वासन दिया।




डॉ. भारत भूषण के अनुसार, बैंक खाते की जानकारी मांगने पर डॉ. देवेंद्र सिंह ने स्वयं को सरकारी कर्मचारी बताते हुए अपने खाते में धनराशि लेने से इनकार किया और अपने परिचित अमन श्रीवास्तव का बैंक खाता उपलब्ध कराया। इसके बाद डॉ. भारत भूषण ने ऑनलाइन ट्रांसफर और चेक के माध्यम से कुल 35 लाख रुपये अमन श्रीवास्तव के खाते में जमा कर दिए।

आरोप है कि तय समय बीतने के बाद जब रकम वापस मांगी गई तो दोनों आरोपी टालमटोल करने लगे। 28 नवंबर 2023 को डॉ. भारत भूषण अपनी पत्नी दीपशिखा और दो मित्रों के साथ लखनऊ पहुंचे। आरोप है कि डॉ. देवेंद्र सिंह ने उन्हें गोमतीनगर के एक सुनसान स्थान पर बुलाया और देर रात तक टालते रहे। बाद में इंदिरानगर स्थित अमन श्रीवास्तव के घर ले जाकर एक चेक सौंपा गया।

बताया गया कि यदि दस दिन में रुपये वापस न मिलें तो चेक बैंक में जमा करने को कहा गया। दस दिन बाद चेक जमा करने पर वह बाउंस हो गया। बैंक से जानकारी मिली कि संबंधित खाता करीब दो वर्ष पहले ही बंद हो चुका था।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# आभूषण व्यवसाय में निवेश के नाम पर रिटायर्ड इंजीनियर से ठगे 90 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी व बेटे के खाते में ली रकम, गारंटी के तौर पर सौंपे नकली गहने
- डीसीपी पूर्वी के आदेश पर बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** आभूषण व्यवसायी बनकर जालसाज ने निवेश के नाम पर रिटायर्ड इंजीनियर से 90 लाख रुपये ठग लिए। आरोपी ने पहले छोटी रकम निवेश कराकर मुनाफा दिलाया और भरोसा जीतने के बाद अर्जुनगंज में ज्वैलरी की दुकान खोलने के नाम पर बड़ी धनराशि ले ली। पत्नी व बेटे के खाते में रुपये ट्रांसफर कराने के बाद गारंटी के तौर पर नकली गहने गिरवी रख दिए और परिवार समेत फरार हो गया। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर बीबीडी थाने में दंपति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बीबीडी स्थित स्प्रिंग ग्रीन अपार्टमेंट निवासी 67 वर्षीय रिटायर्ड इंजीनियर राजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में गोल्ड लोन के सिलसिले में कठौता स्थित आईसीआईसीआई बैंक में उनकी मुलाकात मूल्यकार अरविंद तिवारी, निवासी वृंदावन कॉलोनी तेलीबाग, से हुई थी। अरविंद ने खुद को पारिवारिक सर्राफा व्यवसाय से जुड़ा बताते हुए निवेश पर अच्छा मुनाफा देने का भरोसा दिलाया। शुरुआती निवेश पर लाभ मिलने के बाद भरोसा बढ़ा और आरोपी पत्नी कंचन व बेटे यश के साथ उनके घर आने-जाने लगा।




आरोप है कि अर्जुनगंज में ज्वैलरी दुकान खोलने के नाम पर कई किस्तों में करीब 90 लाख रुपये लिए गए। पीड़ित ने बेटे सर्वजीत, जो दिल्ली में एमबीबीएस के बाद पीजी की पढ़ाई कर रहा है, से भी कर्ज लेकर रकम दी। जरूरत पड़ने पर रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी और फोन उठाना बंद कर दिया। शक होने पर गिरवी रखे गहनों की जांच कराई गई, जो नकली निकले।

पीड़ित के बेटों ने आरोपी के पते पर जाकर जानकारी की तो पता चला कि वह परिवार सहित फरार है। जिस दुकान का हवाला दिया गया था, उसका संचालन आरोपी के पिता रामकेशर तिवारी द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने संबंध से इनकार किया। इंस्पेक्टर राम सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रांसफॉर्मर खोलकर कॉपर चोरी, 12 लाख का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चिनहट के देवा रोड स्थित राय एन्क्लेव कॉलोनी में बीती रात शातिर चोर पूरी कॉलोनी की बिजली आपूर्ति करने वाला 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर ही चोरी कर ले गए। गुरुवार सुबह जब तक लोगों को हकीकत का पता चला, तब तक ट्रांसफॉर्मर का तेल और कॉपर निकालकर गायब किया जा चुका था। इस घटना से बिजली विभाग को करीब 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

बुधवार देर रात अचानक पूरी कॉलोनी की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने पहले इसे तकनीकी खराबी समझा, लेकिन सुबह चार बजे तक सप्लाई बहाल नहीं होने पर उपभोक्ताओं ने टोल-फ्री नंबर 1912 और शिवपुरी उपकेंद्र पर सूचना दी।

एसएसओ प्रमोद चौहान के निर्देश पर संविदा कर्मचारी संतोष मौके पर पहुंचे तो देखा कि जिस चबूतरे पर ट्रांसफॉर्मर रखा था, वह पूरी तरह खाली पड़ा है। चोर कनेक्शन काटकर ट्रांसफॉर्मर का तेल और तांबा निकाल ले गए थे। सूचना पर अवर अभियंता निलेश रस्तोगी भी मौके पर पहुंचे। विभाग ने आनन-फानन में ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था की। करीब 12 घंटे बाद शुक्रवार दोपहर 12 बजे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। विभाग की शिकायत पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और गिरोह की तलाश में जुटी है।


कॉपर चोरी करने के बाद पड़ा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### एक साल में 25 से अधिक वारदातें

पिछले एक वर्ष में शहर में 25 से अधिक ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। सर्वाधिक मामले अमौसी जोन के वृंदावन, मोहनलालगंज, सरोजनीनगर और दुबग्गा क्षेत्रों में सामने आए हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, इसी गिरोह ने दो दिन पहले देवा रोड पर भी ट्रांसफॉर्मर चोरी का प्रयास किया था, लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें भगा दिया था। इसमें मलिहाबाद क्षेत्र के एक गिरोह के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। अधिशासी अभियंता अभय सिंह (11 केवी एलटी, गोमतीनगर जोन) ने बताया कि चिनहट देवा रोड स्थित राय एन्क्लेव में 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटना हुई है। मामले में थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

**खुलासा** — दो सगे भाई गिरफ्तार, तमंचा व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

# अपमान का बदला लेने के लिए मारी थी रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ओवरटेक के दौरान हुए विवाद में कथित अपमान का बदला लेने के लिए दो सगे भाइयों ने रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को गोली मार दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा, खोखा और बाइक बरामद की है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

डीसीपी साउथ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित मिश्रा और उसके बड़े भाई दुर्गेश मिश्रा के रूप में हुई है। दोनों अमेठी जिले के मुंशीगंज क्षेत्र के ग्राम सेमरा के निवासी हैं। आरोपियों ने 30 जनवरी 2026 की रात शॉपिंग स्क्वायर, अंसल के पास रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी अवधेश कुमार पाठक को गोली मारी थी।


आरोपी अमित


आरोपी दुर्गेश

- 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद मिली लीड

घटना के समय अवधेश पाठक क्लाउड किचन रेस्टोरेंट से नीचे उतरकर अपनी कार के पास पहुंचे थे। तभी दो युवकों ने उन्हें बातचीत में उलझाया और तमंचे से सिर पर गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल अधिकारी का इलाज कराया गया, जिससे उनकी जान बच गई। उनकी पत्नी मिथिलेश पाठक की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले के खुलासे के लिए आठ टीमों का गठन किया गया था। सर्विलांस टीम सहित अन्य पुलिस टीमों ने करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद मिली लीड के आधार पर इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय और उनकी टीम ने आरोपियों को झिलझिलापुरवा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सामने आया कि 28 नवंबर को अमित मिश्रा एसबीआई अर्जुनगंज शाखा से रुपये निकालकर लौट रहा था। बेस्ट प्राइस मोड़ के पास उसने अवधेश कुमार पाठक की टाटा नेक्सन कार को ओवरटेक किया, तभी उसकी बाइक बंद हो गई। आरोप है कि इस पर अवधेश कुमार ने उसे गाली देते हुए थप्पड़ मारे और वाहन हटाने को कहा। इस घटना से अमित खुद को अपमानित महसूस कर रहा था और तभी से बदला लेने की ठान ली थी।

रात करीब 10 बजे जैसे ही अवधेश कुमार पाठक अपनी दुकान से नीचे उतरकर कार के पास पहुंचे, दुर्गेश ने उन्हें बातचीत में उलझाया और अमित ने तमंचे से गोली मार दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### मां की हत्या के बाद अवसाद में था आरोपी

इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के अनुसार, अमित ने अलीगढ़ से बीए की पढ़ाई की है। वर्ष 2020 में उसकी मां की हत्या हो गई थी, जिसके बाद वह मानसिक रूप से आहत रहने लगा। उसने एक परिचित के माध्यम से अवैध देशी तमंचा खरीद लिया था, जिसे वह अपने पास रखता था। अमित ने मार्च 2024 में शॉपिंग स्क्वायर अंसल में 'अमीटो रिटेल प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से दुकान किराये पर लेकर ऑनलाइन फल-सब्जी का व्यवसाय शुरू किया था। मार्च 2025 में उसने दुकान खाली कर अमेठी में कार्यालय बना लिया। इस बीच मई 2025 में अवधेश कुमार पाठक ने भी उसी परिसर में क्लाउड किचन शुरू किया था।

# 14 करोड़ की ठगी में महिला एडिशनल डायरेक्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 14 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पीयर्स एलाइड कॉर्पोरेशन लिमिटेड की महिला एडिशनल डायरेक्टर मंजू दुबे उर्फ मंजू उपाध्याय को ईओडब्ल्यू ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

ईओडब्ल्यू के अनुसार, आरओसी दिल्ली एवं हरियाणा से पंजीकृत बताई गई कंपनी के सीएमडी दुर्गा प्रसाद दूबे सहित अन्य निदेशकों व कर्मचारियों ने बिना आरबीआई से एनबीएफसी के रूप में पंजीकरण कराए कई जिलों, विशेषकर बिजनौर में शाखाएं संचालित कीं। आरोप है कि कंपनी ने आरडी (आईबीपी) और एफडी (एसआईपी) जैसी योजनाओं में निवेश कर कम समय में धन दोगुना-तीन गुना करने का लालच दिया। जांच में निवेशकों को कूटरचित बॉन्ड और रसीदें दिए जाने की बात सामने आई, जिसके बाद कार्यालय बंद कर दिया गया। बिजनौर में ही करीब 14 करोड़ रुपये का मूलधन हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। ईओडब्ल्यू की जांच में कुल 13 आरोपियों की भूमिका पाई गई, जिनमें से आठ की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी थी। मंजू दुबे फरार चल रही थीं। वह मूल रूप से देवरिया के सलेमपुर स्थित डोल छपरा गांव की निवासी हैं और वर्तमान में कानपुर नगर के कर्नलगंज स्थित न्यू ईदगाह कॉलोनी, बेनाझाबार में रह रही थीं। 19 फरवरी को उन्हें लखनऊ से गिरफ्तार किया गया।

## सिटी ब्रीफ

### मीना साहू बनीं साहू समाज की अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** साहू समाज की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मीना साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में समाज के 15 पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक के रूप में उमा साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बिन्देश्वरी साहू और आराधना साहू को चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में कंचन साहू और रचना साहू नियुक्त हुईं। महामंत्री की जिम्मेदारी कमलेश साहू और मुन्नी साहू को दी गई। कोषाध्यक्ष पद पर अच्छा साहू चुनी गईं। मीडिया प्रभारी आशा साहू बनाई गईं।

### नाटक पुर्जा-पुर्जा कट मरे का मंचन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था मंजूश्री 20 फरवरी को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में शाम 6 :30 बजे काव्यात्मक नाटक पुर्जा–पुर्जा कट मरे का मंचन करेगी। कार्यक्रम संयोजक विवेक शुक्ला ने बताया कि संस्था ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर 40 नाटक तैयार के उनके 100 से भी ज्यादा मंचन कराए हैं। नाट्य निर्देशक शैलेश श्रीवास्तव ने बताया कि गुरु गोविन्द सिंह की प्रसिद्ध पंक्ति पुर्जा–पुर्जा कट मरे के शीर्षक पर आधारित इस नाटक में साहित्यकार जयशंकर प्रसाद और गीत सम्राट गोपाल दास नीरज की कविताओं को आधार बनाया गया है। नाटक में राष्ट्र के लिए समर्पण, त्याग व बलिदान के लिए प्रेरणा के साथ–साथ एक नारी के संघर्ष और लक्ष्य प्राप्ति तक संघर्ष देखने को मिलेगा।

### गोमती की स्वच्छता को आज जुटेंगे दिग्गज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नदी को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन (एसटीसी) उत्तर प्रदेश शुक्रवार को होटल ताज में कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से शाम 4 बजे संबोधित करेंगे। एसटीसी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अक्षत वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम "जीवनरेखा का पुनर्जीवन : स्वच्छ गोमती" में प्रदेश के जलशक्ति और नमामि गंगे मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज शिरकत करेंगे। इस आयोजन के दौरान कई सत्र होंगे।

### पार्किंग के विवाद में गार्डों व वकीलों में मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज स्थित एरा अस्पताल में गुरुवार रात मरीज देखने गए अधिवक्ता का पार्किंग को लेकर सुरक्षाकर्मी से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। हमले में अधिवक्ता पक्ष से एक युवक का सिर फट गया। जानकारी मिलते ही दर्जनों अधिवक्ता पहुंच गए। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने ठाकुरगंज थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें समझा–बुझाकर कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। बताया जा रहा है कि न्यू हैदरगंज निवासी अधिवक्ता आदर्श सिंह गुरुवार रात एरा अस्पताल में भर्ती अपने साथी शुभम यादव की मां को देखने गए थे। इस बीच पार्किंग में कार खड़ी करने को लेकर अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों से आदर्श का विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों के मारपीट शुरू हो गई। इस बीच सूचना पर शुभम और उसके घर से प्रदीप भी आ गए। दोनों ओर से डंडे व रॉड चले। हमले में अधिवक्ता पक्ष से एक युवक का सिर फट गया।

# रोजा रखने से अगर किसी की जान का खतरा हो तो उसे रोजे से छूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिया और सुन्नी हेल्पलाइन में विद्वानों ने दिए जवाब

**अमृत विचार:** रोजेदारों की सुविधा के लिए पहली रमजान को शिया और सुन्नी हेल्पलाइन शुरू की गई। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के तहत दारुल उलूम निजामिया फिरंगी महल की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली के मार्गदर्शन में धर्मगुरुओं के एक पैनल ने सवालों के जवाब दिए।

इस्लामिक सेंटर की हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि रोजे की हालत में अगर किसी के मुंह से खून आ जाए तो रोजे पर क्या असर पड़ेगा ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि खून अगर हलक के अंदर नहीं जाता है तो रोजे पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। एक रोजेदार ने पूछा कि वह कौन सी बातें हैं जिनसे रोजा मकरूह हो जाता है ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि बगैर जरूरत किसी चीज को चबाना, कोयले से दांत मांझना और गाने-बजाने में लगे रहने से रोजा मकरूह हो जाता है।

कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्प लाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। शिया हेल्पलाइन पर पूछा गया कि अगर कोई व्यक्ति रोजा रखकर सोशल मीडिया पर रील आदि देखता है, तो क्या उसका रोजा सही है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर रोजेदार जान बूझकर कोई गैर-शराई चीज देखेगा, तो रोजा तो नहीं टूटेगा लेकिन वह इंसान रूहानी रोजेदार नहीं बन सकता।

एक रोजेदार ने पूछा कि रोजे की नियत करना जरूरी है, अगर कोई व्यक्ति भूल जाता है तो उसका क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि रोजेदार के लिए रोजे की नियत करना जरूरी है चाहे वह हर दिन की अलग नियत करे या पूरे महीने की एक साथ नियत कर ले। हेल्पलाइन पर पूछा गया कि अगर किसी व्यक्ति को शुगर की बीमारी है और दिन में शुगर कम या ज्यादा होती है, तो ऐसी स्थिति में क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति को शुगर की वजह से बीमारी बढ़ने या जान का खतरा है, तो वह रोजा नहीं रखेगा।

एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा यात्रा करता है, तो उसका रोजा किस तरह सही होगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि जो व्यक्ति हर महीने 10 या 15 दिन सफर में रहता हो वह सफर की हालत में रोजा रख सकता है। एक सवाल आया कि अगर अजान के वक्त रोजा इफ्तार न किया जाए तो क्या रोजा मकरूह हो जाता है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि अगर कोई रोजेदार नमाज पढ़ने के बाद रोजा इफ्तार करता है, तो रोजा मकरूह नहीं होता, बल्कि इसमें ज्यादा सवाब है।



रमजान के जुलूसों के संबंध में पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करते मौलाना यासूब अब्बास।

### जुलूसों के संबंध में पुलिस अधिकारी से मिले मौलाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** 19 और 21 रमजान को निकलने वाले जुलूसों के प्रबंधन और कानून व्यवस्था के संबंध में गुरुवार को पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने अवध प्वाइंट स्थित मौलाना यासूब अब्बास के आवास पर उनसे मुलाक़ात की। इस बैठक में मुख्य रूप से डिप्टी कमिश्नर पुलिस लखनऊ पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर पुलिस पश्चिम, एसीपी चौक समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## कूड़े के ढेर में दो बार लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ:** जानकीपुरम स्थित भिठौली क्रॉसिंग चौकी के पास बुधवार देर रात कूड़े के ढेर में दो बार आग लगी। दोनों बार दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। रात 12 बजे जब कूड़े के ढेर में आग की लपटें और धुआं उठने लगा।

सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। गुरुवार सुबह करीब 4:50 बजे उसी स्थान पर कूड़े के ढेर में दोबारा आग भड़क गयी। दमकल टीम एक बार फिर मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग को पूरी तरह से बुझाया।

# छत्रपति के जन्मोत्सव पर तीन विभूतियों को दिया स्वराज्य रत्न

## मराठी समाज ने डॉ. अम्मार रिजवी, डॉ. सूर्यकांत और प्रो. अनिता बाजपेयी को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मृत विचार:** छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव मराठी समाज उत्तर प्रदेश ने सामाजिक, स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र की विभूतियों को छत्रपति शिवाजी महाराज सम्मान स्वराज्य रत्न से सम्मानित किया। ये सम्मान मुख्यमंत्री के पूर्व कार्यवाहक डॉ. अम्मार रिजवी, केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत श्री जय नारायण पीजी कॉलेज की प्रो. अनिता बाजपेयी को दिया गया।

कैसरबाग स्थित कला मंडपम प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस राजीव सिंह रहे। उन्होंने कहा की मराठी समाज यह कार्यक्रम करके बहुत ही सहारनीय काम कर रहा है। शिवाजी महाराज एक बड़ा नाम और युगपुरुष हैं। आयोजन के लिये उन्होंने संयोजक व मराठी समाज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उमेश पाटील जी व उनकी टीम को बधाई दी।

अध्यक्षता कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसबी निमसे ने कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज किसी धर्म के विरोधी नहीं थे। वो सबका सन्मान करते थे।महाराष्ट्र से आए डॉ. संदीप महिंद गुरुजी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का एक अलग रिश्ता है। जब शिवाजी महाराज आगरा की कैद से छूट गये तो उन्होने उत्तर की दिशा से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ होते हुए तेलंगाना और फिर महाराष्ट्र गये।

उस वक्त छत्रपति शिवाजी महाराज को मदद की। अति विशिष्ट अतिथि डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. एमके ठक्कर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रो. विश्वनाथ मिश्रा के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में संयोजक व मराठी समाज उत्तर प्रदेश के संस्थापक / अध्यक्ष उमेश पाटिल, वरिष्ठ महामंत्री गजानन माने पाटिल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ देवकर, कोषाध्यक्ष सुरेश मोरे, सागर जाधव, सचिन माली, विकास पाटिल और धीरज पाटिल आदि मौजूद रहे।



डॉ. अम्मार रिजवी को स्वराज्य रत्न से सम्मानित करते हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजीव सिंह साथ में प्रो. आनीता बाजपेई और डॉ. सूर्यकान्त और अन्य।

### शिवाजी की फौज में थे दलित, वंचित, किसान और मुसलमान



कान्क्लेव की शुरुआत करते डॉ. उदय प्रताप सिंह, गणेश देवी व अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी कलेक्टिव की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती और अंतरराष्ट्रीय सोशल जस्टिस दिवस के मौके पर गोमतीनगर स्थित शीरोज हैंगआउट कैफे में जिन्हें नाज है हिन्द पर वो कहां हैं विषय पर दो दिवसीय सोशल जस्टिस कान्क्लेव शुरू हुआ। मुख्य अतिथि प्रख्यात भाषाविद् एवं चिंतक गणेश देवी ने बताया कि वे शिवाजी के परिवार वाले गांव के क्षेत्र में बड़े हुए हैं। उन्होंने टैक्स माफ कर रखे थे, जबकि आज जनता पर भारी टैक्स हैं। पूर्व सांसद कवि डॉ. उदय प्रताप सिंह, ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने अपना छत्र अपनी बहादुरी से हासिल किया था। उनकी पूरी फौज में दलित थे, वंचित थे, किसान थे, मुसलमान थे। उनकी लड़ाई किसी धर्म के खिलाफ नहीं थी, बल्कि अपने राज्य के लिए थी, एक स्वाभिमान के साथ। उन्होंने कहा कि शिवाजी औरतों का बहुत सम्मान करते थे। गौहर बानो का प्रसंग सब जानते हैं। पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने बताया कि शिवाजी के ज़माने में टैक्स कभी भी गरीबों पर नहीं लगा। एक सूबेदार ने गरीबों पर टैक्स लगाया तो शिवाजी ने उसे सजा दी। आज के दौर में टैक्स अलग है। उन्होंने कहा कि शिवाजी की डेमोक्रेटिक फंक्शनिंग आज भी मुश्किल है और इसे आज के सवालों से जोड़ा।

### आरक्षण को लागू करने में ईमानदारी नहीं बरती जा रही

दूसरे सत्र में सामाजिक न्याय और समानता की राजनीति को कैसे समझें विषय पर संवाद हुआ। राज्यसभा टीवी के पूर्व प्रमुख गुरदीप सिंह सप्पल, विचारक राजकुमार भाटी ने कहा कि आरक्षण को लागू करने में ईमानदारी नहीं बरती जा रही है। सुनियोजित कोशिश की जा रही है कि किस तरह पिछड़े और वंचित वर्गों के हक़ को मारा जाए। गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा कि सामाजिक न्याय का प्रश्न सिर्फ़ दलित, पिछड़ों, आदिवासियों के हितों से ही जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि पूरे देश के विकास और समृद्धि के लिए ज़रूरी है, क्योंकि बहुत बड़ी आबादी के सामाजिक आर्थिक रूप से पीछे रहते हुए देश का आगे बढ़ना असम्भव है। शीतल पी सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को कमज़ोर करने के लिए चालाकी से मेरिट का तर्क सामने लाया जाता है।

## बिना परमिट चल रहे 1000 स्कूली वाहन

**अमृत विचार, लखनऊ:** शहर के स्कूलों में लगभग 1000 वाहन बिना अनुबंध और बिना स्कूल परमिट के संचालित किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं इन वाहनों में सुरक्षा मानकों और अन्य नियमों का पालन भी नहीं किया जा रहा है। इससे बच्चों की जान जोखिम में रहती है। ये चौकाने वाली रिपोर्ट मिशन भरोसा ने जारी की है।

नियमों के अनुसार स्कूल वैन में चालक सहित अधिकतम आठ सवारियों की अनुमति है। किंतु ज्यादातर वाहनों में इससे कहीं अधिक बच्चों को बैठाया जाता है। कई वाहनों में फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा तक नहीं है।आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय ने बताया कि मिशन भरोसा की रिपोर्ट के आधार पर अवैध रूप से संचालित स्कूल वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर जल्द ही व्यापक जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जानकारी के मुताबिक स्कूलों में वैन और बसों का संचालन स्कूल प्रबंधन द्वारा परिवहन विभाग में विधिवत पंजीकृत वाहन। दूसरा निजी संचालकों के माध्यम से अनुबंध पर चलने वाले वाहन। इसके अलावा तीसरे तरीके से कई अभिभावक सीधे निजी वैन चालकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल भेजते और घर मंगवाते हैं।

# होली पर रहेगी भद्रा, दहन को लेकर दिख रहा असमंजस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- 2 मार्च को शाम 5:18 बजे से 3 मार्च शाम 4:33 तक पूर्णिमा
- शाम 5:18 से सुबह 4:56 बजे तक रहेगी भद्रा
- 3 मार्च को तड़के 4:56 बजे के बाद होलिका दहन रहेगा उत्तम

**अमृत विचार:** इस बार होली पर भद्रा रहेगी और दोपहर बाद चंद्रग्रहण भी है, इससे होलिका दहन को लेकर असमंजस की स्थिति बनती दिख रही है। हालांकि ज्योतिषाचार्य के अनुसार 3 मार्च को तड़के 4:56 बजे के बाद होलिका दहन उत्तम रहेगा, क्योंकि तब भद्रा काल समाप्त हो जाएगा। भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा को होलिका दहन उत्तम माना गया है।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि काशी के ऋषिकेष पंचांग अनुसार 2 मार्च को शाम 5:18 बजे से 3 मार्च शाम 4:33 तक पूर्णिमा तिथि है। 2 मार्च को शाम 5:18 से सुबह 4:56 बजे तक भद्रा रहेगी। होलिका का दहन 2 मार्च को भद्रा पुच्छ में रात 12:50 से रात 2:02 बजे तक तक या फिर भद्रा समाप्त होने के बाद सुबह 4:56 बजे के बाद 3 मार्च को होलिका दहन करना उत्तर रहेगा। रंग 4 मार्च को खेला जाएगा। स्नान दान के लिए पूर्णिमा 3 मार्च है। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण भी है। यह ग्रस्तोदय चंद्र ग्रहण देश के कुछ हिस्सों में दिखेगा। चंद्रग्रहण दोपहर 3: 21 मिनट से शाम 6: 46 मिनट तक पड़ेगा। 3 मार्च को सुबह 9:20 बजे से शाम 6 :46 तक 9 घंटे तक सूतक रहेगा। ग्रहण के कारण होली से जुड़ा कार्य नहीं होगा।

ज्योतिषाचार्य ने कहा कि यदि भद्रा रहित, प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा का अभाव हो लेकिन भद्रा मध्य रात्रि से पहले ही समाप्त हो जाए तो प्रदोष के पश्चात जब भद्रा समाप्त हो तब होलिका दहन करना चाहिये। यदि भद्रा मध्य रात्रि तक व्याप्त हो तो ऐसी परिस्थिति में भद्रा पूंछ के दौरान होलिका दहन किया जा सकता है। लेकिन भद्रा मुख में होलिका दहन कदाचित नहीं करना चाहिये।

## सिटी डायरी




नवयुग कन्या महाविद्यालय में उपस्थित क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज, महिला आयोग की अर्पणा यादव प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय।

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग व उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम् और प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या व प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रो. मंजुला उपाध्याय ने की। मुख्य वक्ता आरएसएस के क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज, डॉ. चंद्र भूषण त्रिपाठी, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव डॉ. रमेश कुमार त्रिपाठी रहे। मनोज, प्रो मंजुला उपाध्याय, डॉ. चंदन मौर्य, डॉ. मनीषा बडौनिया, दीक्षा, प्रो. सुषमा त्रिवेदी, प्रो. ऋचा शुक्ला, प्रो. ज्योत्सना गौतम, डॉ. गीताली रस्तोगी, प्रो. नीतू सिंह, डॉ. विनीता सिंह, प्रो. सीमा पांडे, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. ममता वर्मा, डॉ. बीएन पाठक उपस्थित रहे।



अपने आवास पर पुष्प वर्षा कर बटुकों को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### बाबा श्याम की छवि पहुंची लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम ज्योत मंडल की ओर सेऐशबाग के तिलक नगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 20 फरवरी से श्याम निशानोत्सव शुरू होगा। इसके तहत गुरुवार को बाबा श्याम की छवि दिल्ली से चारबाग स्टेशन पहुंची। स्वागत व दर्शन के लिए सैकड़ों श्याम भक्त मौजूद रहे। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि श्रवण अग्रवाल सिर पर छवि को ढोल नगाड़ों की धुनों के साथ लेकर श्याम ज्योत मंडल के कार्यालय पहुंचे। 20 को मल्ल राजवंश के राजदरबार में छवि दर्शन के लिए रखी जाएगी। प्रतिवर्ष सचिन गोयल बाबा की छवि दिल्ली से लखनऊ लाते हैं। यह छवि बहुत ही सिद्ध होती है। जो भक्त इसके आगे शीश झुकाता है उसकी मुराद पूरी हो जाती है।



कृतियां बनाते कलाकार व अन्य।

### ढोकरा कार्यशाला शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य ललित कला अकादमी के अलीगंज स्थित क्षेत्रीय केंद्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत गुरुवार को 10 दिवसीय ढोकरा कार्यशाला शुरू हुई। वरिष्ठ कलाकार शिव बालक मुख्य अतिथि रहे। अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी बताया कि छत्तीसगढ़ के ढोकरा धातु ढलाई विधा के कलाकार उदयराम झारा और बुधियारीन बाई झोरका कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों कलाकार ढलाई की ढोकरा विधि के माध्यम से धातु की अद्भुत मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं। लखनऊ के कला प्रेमियों को छत्तीसगढ़ की लोक गाथाओं और शिल्प कला को बारीकी से समझने का मौका मिल रहा है।



प्रदर्शनी में दिखाने के लिए गमले रखती महिलाएं।

### फूलों से सजा ई-पार्क

**अमृत विचार :** महानगर स्थित ई–पार्क में नगर निगम की ओर से पांच वर्ष बाद पुष्पकला एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को निर्णायक मंडल निरीक्षण करेगा ।प्रदर्शनी में कलाकार फूलों से शादी के मंडप सजाने का प्रदर्शन भी करेंगे। उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम ने बताया कि महापौर सुषमा खर्कवाल 21 दोपहर 2 बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगी। इसके साथ ही प्रदर्शनी जनता के लिए खोल दी जाएगी।

## समस्या

### उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ महापौर से मिले लोग

# पत्रकारपुरम में जगह–जगह खोदकर छोड़ दी सड़क

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** होली के त्योहार से ठीक पहले नगर निगम ने पत्रकारपुरम चौराहे सहित कई स्थानों पर खुदाई करके रास्ता बंद कर दिया है।

इससे परेशान पत्रकारपुरम मार्केट के व्यापारी गुरुवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल से मिले। व्यापारियों ने महापौर से शिकायत करते हुए कहा कि पत्रकारपुरम पुलिस चौकी के बगल की सड़क खोदकर रास्ता बंद कर दिया है।

इसी तरह अन्य स्थानों पर भी सड़क खोद दी गई है, जिससे वाहनों के आने-जाने में भारी असुविधा हो रही है। ग्राहकों का बाजार में आना बंद हो गया है। जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि त्योहार से पहले व्यापारियों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।

प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ पत्रकारपुरम आदर्श व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री सरदार राजेंद्र सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, संगठन मंत्री योगेश महेश्वरी एवं प्रचार मंत्री सलिल गुप्ता शामिल थे। वाहनों के आने-जाने में भारी असुविधा हो रही है। ग्राहकों का बाजार में आना बंद हो गया है। जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि त्योहार से पहले व्यापारियों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।




पत्रकारपुरम में सड़क खोदने के बाद लगी बैरिकेडिंग। अमृत विचार

## लाडली उत्सव में हुए 15 बेटियों के विवाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** निराला नगर स्थित अशोक सिंघल पार्क में गुरुवार को व्यापारी सेवा संघ ट्रस्ट ने चतुर्थ सामूहिक लाडली विवाह उत्सव का आयोजन किया। इसमें वैदिक मंत्रोचार के बीच 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इसके पहले शाम 4 बजे ढलाई घर- डालीगंज से बैंड-बाजों के साथ दूल्हों की सामूहिक बरात निकली। विवाह स्थल पर बरातियों का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद कृष्ण अग्रवाल पप्पू बोरा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल विवाह कराना ही नहीं बल्कि बेटियों को एक नई शुरुआत के लिए संबल देना है। उन्होंने कहा कि हमने गृहस्थी के आवश्यक सामान के साथ-साथ प्रत्येक कन्या को सोने का लॉकेट, टॉप्स और एक हजार रुपये की एफडी भेंट की है, ताकि उनके नए जीवन की नींव मजबूत हो। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर रहे। आयोजन में मुख्य संरक्षक त्रिलोकी चंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लखनऊ बार एसोसिएशन गोविंद नारायण शुक्ला चच्चू मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### भाषा विवि में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने विश्वविद्यालय की अकैडमिक बिल्डिंग का औचक निरीक्षण कर कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश कक्षाएं नियमित रूप से संचालित पाई गईं। वहीं कुछ कक्षाओं में शिक्षकों की अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों से कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। कुलपति ने कक्षाओं में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन द्वारा 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है, इसलिए सभी छात्र-छात्राएं अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होगी, उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल सेल की स्थापना

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सतत विकास लक्ष्यों को संस्थागत रूप से आगे बढ़ाने की दिशा में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल सेल की स्थापना की है। कुलपति के अनुमोदन से गठित इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य संयुक्त देश के निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक गतिविधियों में समाहित करना है। ताकि संस्थान सामाजिक उत्तरदायित्व और वैश्विक मानकों के अनुरूप अपनी भूमिका सुदृढ़ कर सके। इस प्रकोष्ठ की समन्वयक के रूप में प्रो. गीतांजलि मिश्रा, निदेशक रैंकिंग सेल को नामित किया गया है। यह सेल विभिन्न विभागों और संकायों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा संस्थागत पारदर्शिता जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर केंद्रित कार्यक्रम संचालित करेगा।

### इन्क्यूबेटेड स्टार्टअप को मिली सफलता

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेटेड मेड टेक स्टार्टअप ने नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दर्ज कराई है। नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतांजलि श्रीवास्तव द्वारा स्थापित यह स्टार्टअप सार्वजनिक एवं संसाधन सीमित स्वास्थ्य संस्थानों के लिए किफायती और एआई सक्षम नवजात मॉनिटरिंग उपकरण विकसित करने पर केंद्रित है। जो नवजात शिशुओं की सुरक्षित और प्रभावी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ:** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश के देखरेख में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज से 22 फरवरी तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होगी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) से चयनित प्रतिभागी खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों और विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, शारीरिक दक्षता के साथ आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। निदेशक (प्रशिक्षण) अभिषेक सिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभाग की ओर से सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है।

### घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 22 को

**अमृत विचार, लखनऊ:** आर्मी कमांडर कप के लिए घुड़दौड़ प्रतियोगिता 22 फरवरी को आयोजित की जायेगी। हेड क्वार्टर सेंटर कमांड और लखनऊ रेस एंड टर्फ क्लब की देखरेख में यह घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। एक बार फिर लखनऊ रेस कोर्स में घुड़दौड़ के शौकीनों का मेला लगेगा। वहीं एक बार फिर सभी की निगाहे एंजेल इन माई हार्ट और पिनाकेल प्वाइंट पर होंगी। पिछली रेस में दोनों विजेता और उपविजेता रहे।

# 532 परीक्षार्थियों ने छोड़ी यूपी बोर्ड परीक्षा

## परीक्षा के दूसरे दिन कम्प्यूटर, नागरिक शास्त्र, सिलाई और हस्तशिल्प की हुई परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं दूसरे दिन भी शांतिपूर्वक और नकलमुक्त सम्पन्न हुईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल का कम्प्यूटर तथा इंटरमीडिएट में सिलाई, पाकशास्त्र, फल संरक्षण, हस्तशिल्प आदि विषयों की परीक्षा हुई। जिले में प्रथम पाली में 122 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 412 ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में हाईस्कूल में सिलाई और इंटरमीडिएट में नागरिक शास्त्र की परीक्षा सम्पन्न कराई गई।

जिले में गठित चार सचल दलों ने दोनों पालियों में कुल 34 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और परीक्षा को शुचितापूर्वक व नकलविहीन पाए जाने पर संतोष जताया। माल क्षेत्र स्थित पीएम श्री वीरांगना उदा देवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से परीक्षार्थी परीक्षा देकर प्रसन्न होकर निकले। द्वितीय पाली में नागरिक शास्त्र की परीक्षा देकर निकली अर्चना, साक्षी, छवि और काजल सहित अन्य छात्राओं ने कहा कि पेपर अच्छा हुआ। अन्य केंद्रों पर भी परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को आसान बताया।

**बेअसर साबित हुआ जिला विद्यालय निरीक्षक का आदेश:** इटौंजा मार्ग स्थित पीएम श्री वीरांगना उदा देवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार के निर्देश के बाद भी साफ-सफाई की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। बुधवार को प्रथम दिन निरीक्षण के दौरान आसपास कूड़ा देखकर उन्होंने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन दूसरे दिन भी परिसर के बाहर कूड़े का ढेर लगा रहा और बाउंड्री के किनारे गंदगी दिखाई दी।


यूपी बोर्ड परीक्षा देने के बाद अपना प्रश्नपत्र दिखाती छात्राएं। अमृत विचार

### जेडी माध्यमिक ने देखा कंट्रोल रूम

- परीक्षा को शुचितापूर्वक और नकलमुक्त सम्पन्न कराने के लिए राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में जिलास्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां से ऑनलाइन माध्यम से जिले के सभी परीक्षा केंद्रों, विशेषकर प्रश्नपत्र रखने के स्ट्रांग रूम, पर निगरानी रखी जा रही है। जेडी माध्यमिक शिक्षा डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने गुरुवार को कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उनके साथ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

### संस्कृत बोर्ड की मध्यमा परीक्षा में 18 अनुपस्थित

- **अमृत विचार, लखनऊ:** जिले में आयोजित संस्कृत बोर्ड परीक्षा 2026 के अंतर्गत मध्यमा स्तर की परीक्षा दोनों पालियों में शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 18 छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहे। शेष सभी परीक्षार्थियों ने निर्धारित समय पर परीक्षा दी और केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुचारू रहीं। इस वर्ष परीक्षा केंद्रों की निगरानी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से की जा रही है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य तकनीकी संसाधन सक्रिय रहे, जिनके माध्यम से परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी गई। इससे परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की गई।

# नगर निगम के स्कूलों और डिग्री कॉलेज का होगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



- मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना से मिला 10 करोड़ बजट
- टेंडर निकाले गए, जल्द शुरू होगा काम

**अमृत विचार :** नगर निगम द्वारा संचालित स्कूलों और डिग्री कॉलेज का जल्द कायाकल्प होगा। नगर निगम को इसके लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के लगभग 10 करोड़ रुपये का बजट मिला है। इसके लिए नगर निगम ने टेंडर भी निकाल दिए हैं। जल्द ही टेंडर फाइनल होने के बाद स्कूलों में जीर्णोद्धार का काम शुरू हो जाएगा।

अमीनाबाद इंटर कॉलेज पर 3.50 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। सीएसआर फंड से कॉलेज में 600 नई बेंच की खरीदी जाएंगी। कॉलेज को हाईटेक बनाने के साथ बच्चों के लिए यहां सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सुरेंद्र नगर स्थित अटल विहारी डिग्री कॉलेज के लिए 3. 24 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। जिससे कॉलेज में स्मार्ट क्लासेस शुरू की जाएगीं और हाईटेक लैब का निर्माण होगा। नए क्लास रूम का भी बनाए जाएंगे। कश्मीरी मोहल्ला इंटर कॉलेज के लिए 2.07 करोड़ का बजट खर्च किया जाएगा। काश्मीरी मोहल्ला नर्सरी स्कूल के लिए 14.33 लाख रुपये का बजट रखा गया है। नजरबाग स्थित मॉडल मॉन्टेंसरी स्कूल के लिए 27 लाख और चिल्ड्रन पैलेस स्कूल पर 38 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### कहां कितना बजट

- अमीनाबाद इंटर कॉलेज 3.50 करोड़
- अटल विहारी डिग्री कॉलेज 3.24 करोड़
- कश्मीरी मोहल्ला इंटर कॉलेज 2.07 करोड़
- काश्मीरी मोहल्ला नर्सरी स्कूल 14.33 लाख
- नजरबाग मॉडल मॉन्टेंसरी स्कूल 27 लाख
- चिल्ड्रन पैलेस स्कूल 38 लाख

# गंदगी देखकर कुलपति हुए नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति ने परिसर का किया औचक निरीक्षण
- कैंटीन में उपलब्ध खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट का किया स्वयं परीक्षण

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने परिसर के विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साईस कैंटीन, कौटिल्य भवन तथा ज्योतिर्विज्ञान विभाग का दौरा किया और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कौटिल्य भवन के भूतल पर फैली गंदगी को देखकर कुलपति ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साईस कैंटीन के निरीक्षण के दौरान कुलपति ने छात्रों से संवाद किया और कैंटीन में उपलब्ध खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट का स्वयं परीक्षण किया। उन्होंने कैंटीन संचालक को स्वच्छता बनाए रखने और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सख्त निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि छात्रों के स्वास्थ्य और सुविधा से जुड़ी सेवाओं में उच्चतम मानक सुनिश्चित किए जाएंगे।



कौटिल्य भवन स्थित मूल्यांकन केंद्र में कुलपति ने परीक्षकों से चर्चा की और मूल्यांकन कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षकों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी तथा मूल्यांकन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव दिए।

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. विद्यानंद त्रिपाठी, प्रो. पंकज माथुर, प्रो. अनित्य गौरव, डीन छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा तथा डॉ. श्यामलेश भी उपस्थित रहे।

### जीत कुने डो एसोसिएशन को मिली सम्बद्धता

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय स्वदेशी खेल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय दीप सिंह (आईएएस सेवानिवृत्त) ने जीत कुने डो एसोसिएशन उत्तर प्रदेश को औपचारिक रूप से सम्बद्धता प्रमाण पत्र प्रदान किया। यह प्रमाण पत्र एसोसिएशन के महासचिव सुधीर कुमार शर्मा को सौंपा गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव एके सक्सेना, सुमन चौधरी और केपी सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। महासचिव एके सक्सेना ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह सम्बद्धता जीत कुने डो एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के लिए नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।

# ई-मैजिक बॉक्स से बच्चे सीखेंगे कथा, कहानी और पहेली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर बनाया गया है ऐप

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने बच्चों के शुरुआती शिक्षण के लिए नई तकनीक विकसित की है, जिसे विद्यालयों में लागू किया जाएगा। एनसीईआरटी ने नर्सरी तथा कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के लिए 'ई-मैजिक बॉक्स' ऐप लॉन्च किया है। यह एक प्रकार का डिजिटल टूल है, जिससे बच्चे खेल-खेल में अक्षरज्ञान, गिनती, जोड़-घटाना और वस्तुओं के नाम आसानी से सीख सकेंगे। इस ऐप को बनाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया गया है, जिसमें तीन प्रकार के एआई बॉट्स शामिल हैं।

पहले बॉट में मनोरंजक कहानियां और रचनात्मक सामग्री दी गई है, जिससे बच्चों की कल्पनाशीलता और धैर्यपूर्वक सुनने की क्षमता का विकास होगा। दूसरे बॉट का नाम 'पैरेंट तारा' रखा गया है, जिसमें अभिभावक बच्चों के व्यवहार से जुड़े प्रश्न पूछ सकते हैं और एआई उनके अनुरूप मार्गदर्शन देता है। तीसरा बॉट 'टीचर तारा' है, जो एआई शिक्षक की तरह कार्य करता है और बच्चों के मन में उठने वाले प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराता है।

एनसीईआरटी ने इस ऐप को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराया है। शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपने सोशल मीडिया अकाउंट से जोड़ सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1800-212-0173 या 15108 डायल कर 'दिन की कहानी', 'दिन का गीत' और 'दिन का प्रश्न' अपनी भाषा में सुना जा सकता है।

# ट्रंफ एकेडमी और लाइफ केयर क्लब ने दर्ज की शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 21वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन लीग के तहत गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी और आरईपीएल क्रूसेडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अर्जित किए। ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी ने लाइफ केयर क्रिकेट क्लब को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराया, जबकि आरईपीएल क्रूसेडर्स ने कूह क्रिकेट क्लब को 49 रनों से पराजित किया।

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता क्रिकेट स्टेडियम पर खेले गए मैच में ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सात विकेट पर 210 रन बनाए। सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद अब्दुल कासिफ ने पारी को संभालते हुए 10 चौके और दो छक्कों की मदद से 98 रन की शानदार पारी खेली और शतक से मात्र दो रन दूर रह गए। यश वर्धन सिंह ने भी महत्वपूर्ण 61 रनों का योगदान दिया। लाइफ केयर क्लब की ओर से शैलेंद्र सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाइफ केयर क्रिकेट क्लब की टीम 39.3 ओवर में 205 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नवीन पटेल ने 57 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके। ट्रंफ की ओर से सौरभ यादव ने तीन विकेट हासिल किए, जबकि आदित्य सिंह और रोहित राज पाल ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दूसरे मुकाबले में आरईपीएल क्रूसेडर्स ने सधे हुए प्रदर्शन के दम पर कूह क्रिकेट क्लब को 49 रनों से हराकर महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किए।

# स्पीड चार्जर्स और हिंद वॉरियर्स का दमदार प्रदर्शन वेलनेस वॉरियर्स भी जीती

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ गोल्फ लीग के चौथे दिन ग्रुप ए के दूसरे राउंड में रोमांच और प्रतिस्पर्धा का शानदार नजारा देखने को मिला। दिन के प्रमुख मुकाबलों में स्पीड चार्जर्स, हिंद वॉरियर्स और वेलनेस वॉरियर्स ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

दिन की शुरुआत स्पीड चार्जर्स और पीपीएस दबंग के बीच मुकाबले से हुई। स्पीड चार्जर्स ने शानदार तालमेल और सटीक शॉट्स के दम पर एकतरफा अंदाज में 3.5-1.5 से जीत हासिल की। टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और विरोधी टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे मुकाबले में हिंद वॉरियर्स का सामना राम स्वरूप टाइगर्स से हुआ। हिंद वॉरियर्स ने खेल के हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए टाइगर्स को 3.5-1.5 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ हिंद वॉरियर्स ने ग्रुप ए में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला वेलनेस वॉरियर्स और एकाना टाइटंस के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंत तक मुकाबला बराबरी का रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए वेलनेस वॉरियर्स ने 3-2 के करीबी अंतर से जीत अपने नाम कर ली। ग्रुप ए के इन मुकाबलों के बाद अंक तालिका में प्रतिस्पर्धा और दिलचस्प हो गई है। आने वाले मैचों में टीमों के बीच मुकाबला और भी कड़ा होने की उम्मीद है।

लखनऊ क्रिकेट लीग

सवा लाख में बिके सम्यक त्रिवेदी

# यूपीसीए गाइडलाइन के तहत एलपीएल की तैयारी तेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ क्रिकेट लीग (एलपीएल) के आयोजन को लेकर हुए विवाद के बाद उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार आयोजकों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को गोमती नगर स्थित बीबीडी अकादमी में आयोजित सप्लीमेंट्री नीलामी में 58 नए खिलाड़ियों की खरीद-फरोख्त हुई। इसमें ऑलराउंडर सम्यक त्रिवेदी सबसे महंगे 1.25 लाख रुपये में बिके। उन्हें लखनऊ एशेज ने अपने साथ जोड़ा।

यार्कर क्लब के बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य कुमार सिंह 1.15 लाख रुपये में लखनऊ स्ट्राइकर्स से जुड़े, जबकि अखिल इंफ्रा के बल्लेबाज अजीत वर्मा को 1.10 लाख रुपये में उसी फ्रेंचाइजी ने खरीदा। तीनों खिलाड़ी एक लाख रुपये से अधिक की बोली में बिके और नीलामी के आकर्षण का केंद्र रहे।

### अब तक 102 खिलाड़ियों की खरीद

- इस सप्लीमेंट्री नीलामी में शामिल सभी 58 खिलाड़ी लखनऊ के थे। इससे पहले 44 खिलाड़ियों की नीलामी हो चुकी थी। इस तरह अब तक कुल 102 खिलाड़ियों को विभिन्न फ्रेंचाइजी अपने साथ जोड़ चुकी हैं। यूपीसीए के निर्देशों के तहत प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में 17 स्थानीय खिलाड़ियों को शामिल करना अनिवार्य है, जबकि बाहर के अधिकतम दो खिलाड़ियों को ही टीम में रखा जा सकता है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी 22 खिलाड़ियों का स्क्वॉड तैयार करेगी। नीलामी में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को शामिल किया गया जिन्होंने एलपीएल के लिए ट्रायल दिया था। इस मौके पर सीएएल के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल, सचिव केएम खान, लीग कमिश्नर एसपी मिश्र सहित सभी फ्रेंचाइजी मालिक मौजूद रहे।

### केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होंगे मुकाबले

- डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि लीग की सभी तैयारियां यूपीसीए की गाइडलाइन के अनुरूप की जा रही हैं। सभी मुकाबले केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतिदिन एक मैच दिन में और दूसरा फ्लडलाइट में आयोजित किया जाएगा। फ्रेंचाइजी टीमें जल्द ही अपने अंतिम स्क्वॉड की घोषणा करेंगी।

### तारीखों में बदलाव की संभावना

- इस बीच, लखनऊ प्रीमियर लीग (एलपीएल) की प्रस्तावित तिथियों में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। खिलाड़ियों के चयन में हुई देरी के चलते सात मार्च से शुरू होने वाली लीग को कुछ दिन आगे बढ़ाया जा सकता है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के पदाधिकारियों की बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों का मानना है कि चयन प्रक्रिया में हुई देरी की भरपाई के लिए लीग की शुरुआत आगे खिसकाना व्यावहारिक निर्णय होगा। आगामी एक-दो दिनों में सीएएल के पदाधिकारी केडी सिंह बाबू स्टेडियम का दौरा कर मैदान की उपलब्धता और तैयारियों का जायजा लेंगे। इसके बाद नई संभावित तिथियों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

## सिटी डायरी


नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राएं।

### भारतीय पारंपरिक ज्ञान मानव कल्याण का महत्वपूर्ण आधार

**अमृत विचार, लखनऊ:** नेशनल पीजी कॉलेज के मानवविज्ञान विभाग द्वारा "विश्व मानवविज्ञान दिवस" के अवसर पर विविध शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान प्रणाली का विश्लेषण किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली वैश्विक स्तर पर मानव कल्याण का महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति सिंह ने मानवविज्ञान की समकालीन प्रासंगिकता व स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभाग के डॉ. शुचि श्रीवास्तव, डॉ. महेश चंद्र पाल व कामरान अहमद भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंध लेखन, लोकगीत गायन, क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।


प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लेती छात्राएं।

### एकेटीयू में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरुवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में करीब तीन सौ छात्रों ने प्रतिभाग किया। कुलपति प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में जारो एजुकेशन कंपनी ने छात्रों के प्रतिभा को परखा। ग्रेजुएट ट्रेनिंग एवं पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी के पद के लिए आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक एवं एमबीए के छात्रों ने ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में खुद को साबित किया। कंपनी के असिस्टेंट एचआर मैनेजर अरिजीत पाठक ने छात्रों से विभिन्न प्रकार के सवालों से परखा। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के अवसर छात्रों के भविष्य को नया आयाम देते हैं।


सीएमएस की शिक्षिकाएं।

### इंटरनेशनल ओलम्पियाड में सीएमएस शिक्षकों का प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के चार शिक्षकों दीक्षा नेगी, रुचि मिश्रा, सुभि पाण्डेय व सूफियान खान ने इंटरनेशनल एआई फॉर इनोवेटिव टीचिंग ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ओलम्पियाड में शिक्षकों ने टॉप 200 टीचर्स में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था 'यूपी एजूकेटर्स' के तत्वावधान में किया गया। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि ओलम्पियाड में भारत समेत कई देशों के हजारों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।


इंटीग्रल विश्वविद्यालय के विजेता छात्र।

### यूथ पार्लियामेंट में विवि का गौरव बढ़ाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंटीग्रल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के शोधार्थी अम्बुज राय ने सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री नेशनल एनवायरनमेंट यूथ पार्लियामेंट 2025-26 के लिए राष्ट्रीय ट्रॉफी प्राप्त किया है। अंबुज की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर का फाइनल 14-15 फरवरी को नागपुर स्थित विधान भवन में आयोजित किया गया।